दिल्ली की तर्ज पर जौलीग्रांट एयरपोर्ट के पास बनेगी उत्तराखंड की पहली एयरोसिटी

चर्चा में क्यों?

13 नवंबर, 2022 को उत्तराखंड के अपर मुख्य सचिव आनंद बर्धन ने बताया कि दिल्ली की तर्ज पर जौलीग्रांट एयरपोर्ट के पास एयरोसिटी के प्रस्ताव पर विचार चल रहा है। ज़मीन की उपलब्धता के साथ ही यह प्रोजेक्ट धरातल पर नज़र आएगा।

प्रमुख बिंदु

- जौलीग्रांट एयरपोर्ट के पास इस परियोजना के लिये ज़मीन तलाशी जा रही है। एयरोसिटी में फाइव स्टार होटल, मॉल, कैफे, रेस्टोरेंट से लेकर सभी अत्याधुनिक सुविधाएँ मुहैया कराई जाएंगी। इसमें हजारों लोगों के रहने के लिये आवास भी होंगे।
- इस परियोजना के लागू होने पर यह प्रदेश का पहला विश्वस्तरीय अत्याधुनिक शहर होगा।
- जौलीग्रांट एयरपोर्ट का भी विस्तारीकरण किया जा रहा है। इसके बाद एयरपोर्ट की अंतरराष्ट्रीय कनेक्टिविटी होगी। ऐसे में एयरोसिटी भविष्य का बड़ा बिजनेस हब भी बनकर उभर सकता है। उत्तराखंड के स्थानीय उत्पादों को भी अंतरराष्ट्रीय बाजार तक ले जाने में यह कारगर साबित हो सकती है।
- विदेशों की तर्ज पर यहाँ पार्क स्थापित किया जाएगा। पार्क में जॉगिंग, साइक्लिंग ट्रैक और ध्यान लगाने के लिये हट की व्यवस्था रहेगी। साथ ही लैंड स्केपिंग और आस्ट्रेलियन ग्रास लगाने पर भी विचार चल रहा है। वहीं, हर मौसम में पार्कों में फूल और हरियाली नज़र आएगी।
- मलेशिया के कुआलालंपुर में केएलआईए एयरोपोलिस एयरोसिटी को इस कांसेप्ट का शानदार उदाहरण बताया जाता है। इसी तरह दुबई ने फेस्टिवल सिटी का निर्माण हवाई अड्डे से सिर्फ एक मील की दूरी पर किया है, जिसमें एक लाख लोगों के लिये आवास, स्कूल, मॉल आदि सुविधाएँ उपलब्ध हैं।
- गौरतलब है कि राजधानी दिल्ली के इंदिरा गांधी इंटरनेशनल एयरपोर्ट के पास एयरोसिटी स्थापित की जा चुकी है। यहाँ फाइव स्टार होटल, मॉल, होटल से लेकर कैफे तक की सभी सुविधाएँ उपलब्ध हैं। इंटरनेशनल एयरपोर्ट के नजदीक होने के चलते तेजी से यह बिजनेस हब के रूप में भी विकसित हो रहा है। इसी प्रकार, मोहाली (पंजाब) में भी एयरोसिटी के प्रोजेक्ट पर काम चल रहा है।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/uttarakhand-s-first-aerocity-to-be-built-near-jolly-grant-airport